तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

11 236 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच



12 वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की सफलता से कांग्रेस ...





## खबर संक्षेप

### अंडर-16 एलिट क्रिकेट टीम में शक्ति का चयन

**बेमेतरा।** नगर के वार्ड नंबर 13 निवासी शक्ति श्रीवास का चयन अंडर 16 एलिट क्रिकेट टीम के लिए हुआ है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने अंडर 16 एलिट की टीम घोषित की। 25 सदस्यीय टीम में शक्ति का चयन कैंप के लिए हुआ है। शक्ति के चयन पर जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किए ।



### लोलेसरा मेला स्थल में दो दिवसीय अखंड सत्यनाम धुन कल से

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप मेला स्थल ग्राम लोलेसरा में प्रतिवर्ष अनुसार समस्त कबीरपंथ समाज द्वारा दो दिवसीय अखण्ड सत्यनाम धुन का आयोजन 20 एवं 21 सितंबर को होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक रखी गई हैं। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा होगा। कार्यक्रम के दुसरे दिवस और समापन 21 सितंबर अपरान्ह 4 बजे गुरु गोस्वामी डॉ. भानुप्रताप साहेब दामाखेड़ा का आगमन होगा। आगमन के पश्चात दर्शन लाभ, सामूहिक भेंट बंदगी का लाभ प्राप्त होगा। नवयुवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल एवं समस्त कबीरपंथ समाज जिला बेमेतरा तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में बेमेतरा के अलावा दूसरे जिले से भी सत्यनाम धुन एवं भजन मंडली भाग लेंगी। सबके लिए आयोजन समिति द्वारा भोजन भंडारे एवं ठहरने की व्यवस्था की जा रही है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**बेमेतरा।** जिले में आपसी भाईचारा, सौहार्द्र और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कल दिनांक 19 सितम्बर 2025, सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष (दृष्टि कक्ष) में आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न समाज प्रमुख, धर्मगुरु, जिले के गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर सेना तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक के प्रतिनिधिगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर आगामी दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व को दृष्टिगत रखते हुए शांति, सद्भावना एवं जनसहभागिता के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधितों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत करें, ताकि पर्व-त्योहारों के दौरान शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### गरबा के लिए ट्रेनिंग सेशन कल से, मिलेगी फ्री एंट्री

**भिलाई।** दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के संयुक्त तत्वावधान में इस नवरात्र स्टील क्लब सेक्टर-8 में रास गरबा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस आयोजन को लेकर ट्विनसिटी में खासी चर्चा है। महिलाएं खासी उत्साहित हैं। इस इवेंट के लिए ट्रेनिंग सेशन 19 सितंबर से शुरू हो रहा है। 19 से 23 सितंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक एक्सपर्ट्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बता दें कि रास गरबा और डांडिया के इस आयोजन में एंट्री पूरी तरह से फ्री है। कोई भी इवेंट में शामिल हो सकता है। इस दौरान होने वाली प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीयन 0788 - 4091720 और 6267136903 में कराया जा सकता है। इस अवसर पर ट्रेडिशनल डांडिया, घूमर गरबा, घोघिया गरबा, बारह ताल गरबा, सनेडो, डाकला, इंडो वेस्टर्न डांडिया का आयोजन किया जाएगा।

# शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को मजबूत करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

## कलेक्टर ने आत्मानंद स्कूल निर्माण कार्य और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विकासखण्ड साजा में विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले निर्माणाधीन आत्मानंद स्कूल साजा पहुँचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता और उपयोग हो रही सामग्री का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने हेतु बनाया जा रहा है, इसलिए इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शौचालय, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और कक्षाओं के फर्नीचर जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने ठेकेदार एवं अधिकारियों को चेताया कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए, ताकि नए शैक्षणिक सत्र से ही बच्चों को आधुनिक और सुसज्जित भवन में शिक्षा मिल सके। इसके उपरांत कलेक्टर श्री शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी साजा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता, दवा स्टॉक रजिस्टर, ओपीडी, प्रसूति वार्ड, आपातकालीन कक्ष और प्रयोगशाला का अवलोकन किया। मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उन्होंने यह जाना कि उन्हें समय पर दवा, जांच और अन्य चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं या नहीं।

### मरीजों से संवेदनशील व्यवहार करें

कलेक्टर ने अस्पताल स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें, स्वच्छ वातावरण बनाए रखें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी जरूरतमंद को दवा या इलाज के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने, साफ-सफाई और उपकरणों की कार्यशीलता पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।



### कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सेवाओं को मजबूत करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों की शिक्षा और नागरिकों के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण हों, तभी रजत महोत्सव की भावना के अनुरूप जनता को वास्तविक लाभ मिल पाएगा।

## सिख समाज ने फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी यात्रा पहुंची शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश के विभिन्न राज्यों से भ्रमण कर शहीदी नगर कीर्तन यात्रा बुधवार जिला मुख्यालय पहुंची । इस दौरान शहर स्थित नवागढ़ चौक से सिक्ख समाज के नौजवानों द्वारा बाइक रैली के साथ यात्रा का स्वागत करते हुए फूलों की वर्षा किए ओर बोले सो निहाल के जय घोष के साथ यात्रा दूसरे पड़ाव में पहुंची। भारत माता चौक पर सिक्ख समाज के अध्यक्ष गुरुदयाल सिंह चावला की अगुवाई में बेमेतरा, नवागढ़ ,खमरिया की सभी संगत ने नगर कीर्तन यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत कर धन धन श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी को माथा टेका। यात्रा बस में पूरी मर्यादा के साथ जहां श्री गुरु ग्रन्थ साहेब जी सुशोभित थे, वहीं पंज प्यारे साहिबान भी नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। दूसरी बस में सिक्ख गुरुओं के शस्त्रों के दर्शन भी संगत को करवाया जा रहा था। पुरातन समय में युद्ध के दौरान जहां नगाड़े बजाने की परंपरा रही है। उसी तर्ज में झांकी के रूप में एक बहुत ही विशाल नगाड़ा भी था जिसे एक गुरु के सिक्ख के द्वारा बजाया जा रहा था ।



### सभी ने दी अपनी सेवा



शहर प्रवास में भारत माता चौक से महिलाओं द्वारा शबद कीर्तन करते हुए यात्रा आगे बढ़ते गई। बीच में समस्त छाबड़ा परिवार द्वारा साध संगत के लिए जल पान की सेवा की गई। बेमेतरा में यात्रा का अंतिम पड़ाव गुरुनानक द्वारा था। जहां पर गुरूद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा यात्रा को विदाई दी गई । शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का विधायक दीपेश साहू ,भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू ,विजय सिन्हा, राजेंद्र शर्मा, समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी ब्रह्माकुमारी आश्रम से शशि दीदी ने भी माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात सर्वत्र साध संगत ने गुरूद्वारा पहुंच कर लंगर लिया। इस तरह इस ऐतिहासिक यात्रा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस यात्रा सफल बनाने में बेमेतरा की समूह संगत , गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी, स्त्री सत्संगत सभी ने अपनी सेवा दी ।

### छत्तीसगढ़ सिख समाज ने शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का किया स्वागत

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ सिख समाज ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिबजी की साढ़े 3 सौ साला शहीदी दिवस की याद में निकली शहीदी नगर कीर्तन यात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा असम के धुबरी साहिब से 21 अगस्त को निकली है। पूरे देश के सभी प्रमुख राज्यों और जिलों से निकल कर संगत का आशीर्वाद प्राप्त कर रही है। हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सामने माथा टेक कर छत्तीसगढ़ के विकास और खुशहाली के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में रहने वाले सिक्ख परिवारों की चढ़दीकला के लिए अरदास की। छत्तीसगढ़ सिख समाज की तरफ से हरदीप सिंह राजा छाबड़ा ने शहीदी नगर कीर्तन का मध्यप्रदेश के मंडला में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संगत का सौभाग्य है कि शहीदी नगर कीर्तन के दर्शन और आवभगत करने का सारी साध संगत को मौका मिल रहा है।

# बाइक से अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

कहते हैं कि "अपराध चाहे कितना भी स्टाइलिश क्यों न हो, कानून की नजरों से बच नहीं सकता।" ऐसा ही हुआ जब दो युवक बिना नंबर प्लेट वाली काली स्प्लेंडर पर 'देसी मसाला मदिरा की होम डिलीवरी सर्विस' शुरू करने निकल पड़े। मगर अफसोस! रास्ते में ही आबकारी विभाग की महिला उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा की नजर पड़ गई और पूरी खेप सहित दोनों युवक धर दबोचे गए।

घटना नेवनारा-हसदा मार्ग की है, जहां मुखबिर से मिली सूचना पर निवेदिता मिश्रा ने अपनी टीम के साथ अस्थायी नाका जमाया। जांच में मोटरसाइकिल की सफेद बोरी से 98 पाव देसी मसाला शराब कुल 17.65 बल्क लीटर कीमत लगभग 9,800 रुपए निकली। शराब तो मिली ही, साथ में 'बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर' भी जब्त हो गई, जिसकी कीमत 28 हजार आंकी गई। रेड में निवेदिता मिश्रा की निर्णायक भूमिका रही, वहीं उनकी टीम में आरक्षक नरेंद्र ठाकुर, महेन्द नाग और वाहन चालक ने भी खूब साथ निभाया। आबकारी विभाग ने लोगों से अपील की है कि अगर आपके मोहल्ले में 'देसी स्पेशल डिलीवरी सर्विस' चल रही हो तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

**गिरफ्तार आरोपी :** राहुल कुर्रे (21) और आर्यन कुमार डेहरे (24), दोनों डूमर, जिला दुर्ग निवासी हैं। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) और 59(क) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# नवागढ़ सहकारी समिति में हुआ वार्षिक आमसभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सेवा सहकारी समिति नवागढ़ में गुरुवार को वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान सदस्य शामिल हुए। सर्वसम्मति से हेमंत सोनकर को आमसभा का अध्यक्ष चुना गया। बैठक की शुरुआत वित्तीय वर्ष 2024-25 के वार्षिक प्रतिवेदन के साथ हुई, जिसमें समिति की आय-व्यय और लाभ-हानि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। सदस्यों ने इस प्रतिवेदन का तालियों से स्वागत किया। समिति प्रबंधक दिलहरन सोनकर ने आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित बजट पेश किया। इसके अलावा, ऑडिट आपत्तियों और निरीक्षण टिप्पणियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में समिति के लिए अधिकतम ऋण सीमा को मंजूरी दी गई और नए सदस्यों की ऋण सीमा का निर्धारण कर उच्च संस्था को भेजा गया।



**किसानों को मिली नई सुविधाएं:** अध्यक्ष हेमंत सोनकर ने बताया कि समिति किसानों के हित को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने 'माइक्रो एटीएम' सुविधा के बारे में बताया, जिससे अब किसान सीधे समिति में ही पैसों का लेन-देन कर सकते हैं। इसके अलावा, समिति के सीएससी केंद्र से बिजली बिल जमा करने, मोबाइल रिचार्ज करने और बीमा प्रीमियम भरने जैसी सेवाएं भी एक ही जगह पर मिल रही हैं। इससे किसानों का समय और पैसा दोनों बच रहा है। बैठक के अंत में, उपस्थित किसानों ने समिति के प्रयासों की सराहना की और इन नई सुविधाओं को बहुत सुविधाजनक बताया।

रजत महोत्सव पर "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़ा का आयोजन

# जीवन को अधिक सुलभ और स्वावलंबी बनाने वाली सामग्रियों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में रजत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। इस दौरान स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियों को सामग्री वितरण कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मछली पालन से जुड़े हितग्राहियों को आइस बॉक्स और मछली पकड़ने के जाल प्रदान किए गए ताकि वे अपने कार्य को और बेहतर ढंग से कर सकें। वहीं विशेष रूप से दिव्यांग हितग्राही कुंती साहू को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनका जीवन अधिक सुलभ एवं स्वावलंबी बन सके। कार्यक्रम में स्वच्छता और शिक्षा को जोड़ते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा स्वच्छता दीदियाँ, छात्र-छात्राएँ और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।




## भाजपा नेता ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की

# बेरला विधानसभा क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहेरा (बेरला), देवादा और तेलगा में भगवान विश्वकर्मा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

योगेश तिवारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि /"भगवान विश्वकर्मा श्रम, कौशल और नवाचार के प्रतीक हैं।/" उन्होंने कहा कि उनकी आराधना से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि परिश्रम और समर्पण से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने श्रमिकों, किसानों और युवाओं को मिलकर काम करने पर जोर देते हुए कहा कि यही एक खुशहाल और समृद्ध समाज का आधार है। उन्होंने इस पर्व को एकता और विकास का संदेश देने वाला बताया।तिवारी ने कहा कि भाजपा की विचारधारा सबका साथ, सबका विकास की भावना पर आधारित है। उन्होंने ग्रामीणों से श्रम और कौशल को आत्मनिर्भरता का आधार बनाने की अपील की। ग्राम बहेरा में आयोजित कार्यक्रम में लाकेश धीवर, राकेश पाल, नागेश साहू, राजू साहू, शेखर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। उन्होंने योगेश तिवारी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया। ग्राम देवादा में दीपक साहू, सोनू साहू, राज साहू, मोनू शर्मा और अन्य ग्रामीण शामिल हुए, जबकि ग्राम तेलगा में अमन निषाद, नवीन पाटिल, मनीष मानिकपुरी और अन्य लोगों ने इस आयोजन को सफल बनाया।



### भगवान विश्वकर्मा एक अद्भुत इंजीनियर : ईश्वरी प्रसाद

**बेमेतरा।** बेमेतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला बैजी में शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई। शिक्षकों ने ब्लैक बोर्ड पर भगवान विश्वकर्मा का चित्र बनाया और पूजा-अर्चना की। स्कूल के प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने बच्चों को भगवान विश्वकर्मा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जी एक महान इंजीनियर थे, और आज सुई से लेकर हवाई जहाज तक जो भी बनता है, वह इंजीनियरों की कला का ही परिणाम है, जिसकी शुरुआत भगवान विश्वकर्मा ने ही की थी। घृतलहरे ने बताया कि इस दिन पूरे भारत में इंजीनियर, मैकेनिक और कारीगर अपनी मशीनों और औजारों की पूजा करते हैं। स्कूल में भी पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका उनीशा सिन्हा, भारती वर्मा और डाइट बेमेतरा के छात्र अध्यापक मनीष वर्मा, नीतीश वर्मा, जागेश्वर वर्मा, खिलेश कोठारी, संगीता साहू और किरण साहू भी मौजूद थे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक पूजा में भाग लिया और अपने शिक्षकों को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया।



# खिलौरा में सेवा पर्व, मौके पर हुआ 25 शिकायतों का त्वरित निराकरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ विद्युत विभाग का आयोजन

ग्रामीण वितरण केंद्र के ग्राम खिलौरा में सेवा पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यपालन यंत्री जे. एस. भटनागर, सहायक यंत्री गुलाब राम साहू और कनिष्ठ यंत्री ऋचा राय ने भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें और मांगें दर्ज कराईं, जिनमें से 25 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

विद्युत विभाग ने खराब और जर्जर केबल की समस्या पर ग्रामीणों को 3 दिनों के अंदर बदलने का आश्वासन दिया गया। सहायक यंत्री गुलाब राम साहू ने बताया कि मिड स्पान जर्जर पोल के लिए प्राक्कलन तैयार कर उच्च कार्यालय स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा। वहीं ग्रामीणों को पीएम सूर्य घर योजना और उससे होने वाले फायदों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अधिकारी सहित ग्रामीणों में राधे साहू सरपंच, रिखी राम साहू उपसरपंच और अन्य वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाएं मौजूद थीं।

# पानी और सफाई को लेकर होगा हंगामा, जलकार्य विभाग में हुए घोटाले पर विपक्ष दागेगा सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की 18 सितंबर को होने वाली सामान्यसभा बैठक हंगामेदार होने के आसार हैं। पानी और सफाई को लेकर कांग्रेसी पार्षद दल ने शहर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है। बुधवार को इसे लेकर पार्षदों ने बैठक की, जिसमें पानी और सफाई के मुद्दे को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। पार्षदों ने कहा कि जनता पानी और सफाई व्यवस्था को लेकर हलाकान है। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारी फोन नहीं उठाते, जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा जलकार्य में हुए घोटाले को लेकर भी सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति तैयार की गई। इसमें बताया गया कि डेढ़ लाख रुपए का बोरिंग सहित अन्य समान बिना निविदा के खरीदा गया है। टेंडर खुलने तक का इंतजार नहीं किया गया। इसके अलावा एलम खरीदी को लेकर भी गड़बड़ी की गई। अत्यावश्यक सेवा को आधार बनाकर अपने चहेते ठेकेदार से एलम की खरीदी कर ली गई, जबकि निविदा हुई ही नहीं थी। भिलाई और रिसाली से एलम मंगाया गया। रायपुर और दुर्ग के दो ठेकेदारों से सांठगांठ कर एलम खरीदा गया। इस मामले को लेकर विपक्ष ने घेरने की तैयारी की है। बैठक 18 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे निगम सभागार में शुरू होगी। एक घंटे के प्रश्नकाल के बाद एजेंडों पर चर्चा होगी। इधर महापौर अल्का बाघमार ने भी बीजेपी समर्थित पार्षदों, कांग्रेसी पार्षदों और निर्दलीय पार्षदों के साथ अपने सिविल लाइन स्थित बंगले में बैठक की। उनसे समर्थन मांगा।

## दुर्ग निगम की सामान्य सभा बैठक आज, दोपहर साढ़े 12 बजे तक ही शामिल होगा कांग्रेसी पार्षद दल

### एमआईसी के निर्णयों की सदस्यों को नहीं दी जानकारी, सदन में उठेगा मुद्दा

बैठक में प्रस्ताव क्रमांक 7 में एमआईसी की हुई बैठक 26 मई, 18 जून, 23 जुलाई और 29 अगस्त के निर्णयों को सूचनार्थ सामान्य सभा में रखा जाना है। इन बैठकों में क्या कुछ निर्णय लिए गए, उनके बारे में सदस्यों को जानकारी नहीं दी गई है। सदस्यों का कहना है कि भले ही जानकारी सूचनार्थ सदन में लाई जा रही है, लेकिन निर्णय क्या कुछ हुए, इस बारे में सदस्यों को अवगत कराया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी प्रकार जीएसटी को लेकर हुए रिफॉर्म को लेकर सदन में अभिनंदन प्रस्ताव लाया जा रहा है।




### संपत्ति कर के लिए अब वार्षिक भाड़ा की जगह मूल्य अवधारित का होगा उपयोग

संपत्तिकर के विषय को भी चर्चा के लिए लाया जा रहा है। बता दें कि निगम एक्ट के मुताबिक प्रति 5 वर्ष में संपत्तिकर का पुर्ननिर्धारण स्थिति के अनुसार वृद्धि करना प्रावधानित है। वर्ष 2017-18 के बाद वृद्धि नहीं की गई। वर्ष 2017-18 में 50 प्रतिशत भवन/भूमि की दरों में वृद्धि की गई थी। निगम दुर्ग में भवन, भूमि मूल्य अवधारित संपत्तिकर प्रचलित है। अतः वर्ष 2025-26 हेतु उपरोक्त अधिनियम के प्रावधान एवं अन्य निकायों की भांति वार्षिक भाड़ा मूल्य अवधारित संपत्तिकर दर निर्धारित किया गया है। इसके अलावा रायपुर नाका मुक्तिधाम की दुकान, गंजमंडी काम्प्लेक्स की दुकान आवंटन के प्रस्ताव को बैठक में लाया जा रहा है।

### बैठक लेकर बनाई गई है रणनीति

बैठक लेकर रणनीति तैयार की गई है। निगम के जलकार्य विभाग में लगातार घोटाले सामने आ रहे हैं। अधिकारियों द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। शहर सरकार उन्हें संरक्षण देने का काम कर रही है।
**-संजय कोहले,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम दुर्ग

## खबर संक्षेप

### 8 स्कूलों में किया गया जागरुकता कार्यक्रम

**दुर्ग।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 0.2 से 12 सितम्बर तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान विभिन्न 8 परियोजनाओं के स्कूलों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किया गया।
दस दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यकम में महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम कानून, पॉक्सो एक्ट, करियर गाइडेंस, मोबाइल की उपयोगिता, साइबर काइम से बचाव, घरेलू हिंसा, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में कुल 634 प्रतिभागी सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, महिला सशक्तिकरण केंद्र से विनिता गुप्ता जिला मिशन समन्वयक, चन्द्रप्रकाश पटेल, शिल्पी उपाध्याय, लक्ष्मीकांत यादव, सीता कन्नौजे, नेमेश्वरी सेन, देवलता तिवारी, पैरामेडिकल स्टॉफ, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता 5 अक्टूबर से

**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता 5 अक्टूबर रविवार से शुरु होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी प्रतिभागी टीम भाग ले सकते हैं। वहीं क्रिकेट क्लब कोटनी के अध्यक्ष नवीन राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता प्रत्येक रविवार को खेला जाएगा एवं हर मैच 6 ओवर का होगा। मैच टेनिस बॉल में खेली जाएगी। वहीं 32 टीम भाग ले सकते है। स्पर्धा के विजयी टीम के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। यह जानकारी समिति के सदस्य बीरेंद्र कुमार ने दी।

### बैठक 19 कल

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक 19 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे पीडब्ल्यूडी सभा कक्ष दुर्ग में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। उक्त बैठक में मंत्रीमण्डल के सदस्य, सभी सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, संभाग आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, विभागीय सचिव एवं सत्रह जिलों के कलेक्टर शामिल होंगे।

### युवा सरपंच सिंगौर ने स्कूल व उपस्वास्थ्य केंद्र में की सेवा

**भिलाई।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वें जन्मदिन को देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इस पखवाड़े के तहत जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत सांकरा सरपंच रवि सिंगौर द्वारा सांकरा स्कूल और उपस्वास्थ्य केंद्र में सेवा कार्य किया। इस अवसर पर तुलाराम सिंगौर पंच महेंद्र पारधी पंच संतोष सिंगौर, तिहारु बघेल, छोटू यादव, नरेंद्र गायकवाड़, विकास सिंगौर सहित अन्य ग्रामवासी जन मौजूद रहे। सरपंच सिंगौर ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के सेवा और विकास कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और मिशन लाइफ को जन आंदोलन के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा। शिक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## महिला स्वसहायता समूहों ने जोन अफसरों को भेजी मौके की जानकारी

# वुमेन फॉर ट्री योजना का ऐसा हाल, 10 उद्यानों में मोटर बंद, 3 में बोर नहीं, 3 में बोर है तो मोटर नहीं

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई का वूमेन फॉर ट्री योजना शुरूआती दौर में ही दिक्कतें झेल रहा है। निगम क्षेत्र के कुल 20 उद्यानों में पेड़ लगाकर उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी महिला स्वसहायता समूहों को सौंपी गई है। जितने भी उद्यानों में इस योजना को अमलीजामा पहनाना है वहां सबसे बड़ी समस्या पानी की है। बिना पानी के पौधों की देखभाल की नहीं जा सकती। हाल यह है कि 10 उद्यानों के सालों से मोटर बंद पड़े हैं। 3 उद्यानों में बोर हैं ही नहीं है। इसी तरह 3 उद्यानों में बोर है तो मोटर नहीं हैं। पाइप लाइन हैं तो टूट-फूट गई है।

उद्यानों की हकीकत की ऐसी रिपोर्ट



### इन उद्यानों में मोटर बंद

**जोन एक :** इस जोन के अंतर्गत एकता पार्क में मोटर बंद है पाईप लाईन नहीं है।सेक्टर 6 एचसीएल उद्यान में मोटर बंद है और पाइप लाइन भी टूटी हुई है। जोन 01 वार्ड नं. 6 प्रियदर्शिनी परिसर त्रिकोण उद्यान में मोटर बंद है। पाइप लाइन भी नहीं है। वार्ड नं. 01 खम्हरिया जुनवानी उद्यान में भी मोटर बंद है।

**जोन दो :** इस जोन के अंतर्गत तीन उद्यानों को वूमन फॉर ट्री योजना में लिया गया है। कृष्णा कुंज उद्यान कुरूद का मोटर बंद है। पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त्र हो गई है। वार्ड क्रमांक 20 श्वेताबंर मंदिर रोड के पास उद्यान का मोटर बंद है और पाइप लाइन भी ठीक करने की जरूरत पड़ेगी। वार्ड 29 अर्जुन नगर दशहरा मैदान के पास उद्यान का भी यही हाल है। मोटर बंद हैं। पाइन लाइन टूट-फूट गई है।

**जोन तीन और चार :** जोन 3 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 31 जयंती उद्यान को इस योजना में शामिल किया गया है। यहां का मोटर बंद है और पाइप लाइन दुरूस्त करनी पड़ेगी। जोन 4 में वार्ड क्रमांक 48 मिलावट पारा उद्यान में मोटर बंद है। पाइप लाइन को ठीक करनी होगी। वार्ड क्रमांक 43 बापूनगर उद्यान में भी यही समस्या है। जिसकी वजह से स्वसहायता समूह की महिलाओं को दिक्कतें आने लगी है।

### 90 प्रतिशत उद्यानों में पाइप लाइन की डिमांड

वूमेन फॉर ट्री योजना के चिहिंत 90 प्रतिशत उद्यानों में पाइप लाइन बढ़ाने की डिमांड है। इसलिए कि ये उद्यान सालों से यूं की पड़े हुए हैं और उजाड़ हाल में हैं। प्रियदर्शनी परिसर वेस्ट गुलमोहर उद्यान में पाइप लाइन ही टूट-फूट गई है। जोन एक के वार्ड 7 मैत्री विहार उद्यान में भी पाइप लाइन टूटी हुई है। जोन 5 के सुभाष उद्यान में भी यही स्थिति है। जोन 4 के वार्ड 40 मुक्तिधाम छावनी में यही समस्या है।

### पौधों की देखभाल के हिसाब से मिलेगा समूहों को मानदेय

वूमेन फॉर ट्री योजना एक तरह से महिला स्व सहायता समूहों को आर्थिक रूप से संबल बनाने की दिशा में कार्य करना है। समूह पूरे साल भर तक पौधों की देखभाल करेगी। पौधों को संरक्षित करने पर ही समूहों का मानदेय तय होना है। वर्तमान हाल यह है कि बारिश की वजह से गार्डन उजाड़ हाल में हैं। बिना संसाधन के पौधों का देखभाल करना एक चुनौती बन गया है।

### इन उद्यानों में बोर ही नहीं

जोन 1 के अंतर्गत प्रियदर्शनी परिसर का उद्यान उजाड़ हाल में है। यहां महिला स्वसहायता समूहों ने उद्यान के चारों तरफ अशोक के पौधे लगाए हैं। इस उद्यान में बोर ही नहीं है। यही स्थिति जोन क्रमांक 5 के दो उद्यानों का है। यहां वार्ड क्रमांक 65 सेक्टर 10, रोड 24 व 25 पश्चिम स्थित उद्यान में बोर नहीं है। वार्ड क्रमांक 61 सेक्टर 6 रूई मार्केट स्थित उद्यान का भी यही हाल है।

### बोर है तो मोटर नहीं

जोन 1 के अंतर्गत वार्ड 6 प्रियदर्शनी परिसर ब्लॉक 5/15 में बोर पहले से ही है पर मोटर ही नहीं लगा है। वार्ड क्रमांक 4 प्रियदर्शनी परिसर कांपलेक्स वेस्ट कृष्णा उरद्यान के पास उद्यान में बोरिंग है लेकिन मोटर नही डला है। जोन 3 के वार्ड 52 सेक्टर 3 बीआईटी ग्राउंड उद्यान में भी ऐसी ही समस्या हो गई है।

### सभी जोन अध्यक्षों को निर्देश

सभी जोन के उद्यानों में जो भी संसाधन की जरूरत है उसकी सूची हमने संबंधित जोन आयुक्तों को भेज दी है। बिजली, पानी, मोटर पंप संधारण, पैनल संधारण, पाइप लाइन संधारण, फैसिंग आदि के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।
- एके तिग्गा, अधीक्षण अभियंता, भिलाई निगम

## सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने किया दंत चिकित्सा से जुड़ी पुस्तक का विमोचन




**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च भिलाई के संकाय और छात्रों ने बेबीलोन कैपिटल रायपुर में आयोजित इंडियन डेंटल एसोसिएशन राज्य दंत चिकित्सा सम्मेलन में संस्थान का नाम रोशन किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. देबलीना बैद्य और बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. लुम्बिनी पाथिवाड़ा द्वारा लिखित एफेबोडोंटिक्स नामक पुस्तक के विमोचन किया गया। समारोह में त्रिपुरा सरकार के एआरआरडी मंत्री सुधांशु दास भी उपस्थित थे, जिन्होंने औपचारिक रूप से पुस्तक का विमोचन किया। दंत चिकित्सा साहित्य में योगदान के लिए लेखक के प्रयासों की सराहना की। वाइस डीन डॉ. फातिमा खान और संकाय सदस्यों, डॉ. शाहीन हमदानी, डॉ. हर्षा मेहरोत्रा सिन्हा, डॉ. गौरव अग्रवाल और डॉ. प्रीति परयानी को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया। पीजी छात्रों डॉ. मृगराज रवींद्र, डॉ. भूमिका साहू और डॉ. शुभ जैन ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पोस्टर पुरस्कार जीतकर एक मजबूत छाप छोड़ी। डॉ. लुम्बिनी पाथिवाड़ा को प्रिजर्व मोर स्ट्रेस लैस ए पेटेंड - फ्रेंडली ऑप्शन विषय पर एक गेस्ट लेक्चरर व्याख्यान के लिए सम्मानित किया गया। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने उपलब्धि हासिल करने वालों को बधाई दी और कहा कि ये सम्मान शिक्षा, अनुसंधान और पेशेवर विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## कलेक्टर ने किया तिलक स्कूल में निर्वाचक नामावली मिलान कार्य का निरीक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर के अंतर्गत तिलक स्कूल के साथ अन्य स्कूल में चल रहे मतदाता सूची निर्वाचक नामावली के मिलान कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलान प्रक्रिया को सटीकता से संपन्न करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची को वर्ष 2025 की अद्यतन सूची से व्यवस्थित ढंग से मिलान करने, 2003 की सूची के ए और बी मतदाताओं का मिलान 2025 की सूची से करते समय 2025 की सूची में संबंधित मतदाता के सरल क्रमांक के सामने 2003 की सूची का सरल क्रमांक भी अंकित करने कहा। इसी प्रकार 2003 की सूची में भी 2025 की सूची का सरल क्रमांक उल्लेखित किया जाए।



## कोलिहापुरी की नवसाक्षर कमला ईश्वरी, सुनीता दिल्ली में सम्मानित

**दुर्ग।** नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को पढ़ाकर शत प्रतिशत साक्षरता बनाने अभियान चलाया जा रहा है। उल्लास टीम इस पर काम कर रही है। डीईओ अरविंद मिश्रा की निगरानी में यह कार्यक्रम संचालित है। पिछले दिनों महापरीक्षा का आयोजन किया गया । शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहापुरी के उल्लास केंद्र में 33 असाक्षर परीक्षा देकर साक्षर हुए। इनमें से नवसाक्षर कमला नेताम एवं ईश्वरी देशमुख एवं सुनीता साहू को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिल्ली में सम्मानित किया गया। रश्मि ठाकुर के नेतृत्व में वे दिल्ली गईं। डॉ. भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के भीम ऑडिटोरियम में केंद्रीय कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी के मुख्य आतिथ्य तथा त्रिपुरा के शिक्षा मंत्री किशोर बर्मन, मिजोरम के शिक्षा मंत्री बनलाल थलाना, डीओएसईएल के सचिव संजय कुमार तथा संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी की उपस्थिति शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## देवांगन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 30 नवंबर को

**भिलाई।** देवांगन समाज का जिला स्तरीय निःशुल्क विशाल युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का आयोजन भिलाई में 30 नवंबर को होगा। युवक-युवती परिचय के साथ ही पुनर्विवाह के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा एवं विधुर को भी जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा।

साथ ही एक स्मारिका का भी प्रकाशन किया जाएगा, जिसमें देवांगन समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियां प्रकाशित की जाएगी।इस आयोजन में पुनर्विवाह करने के इच्छुक तलाकशुदा, विधवा अथवा विधुर को भी अपना परिचय देकर अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। जानकारी देते हुए दुर्ग जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिकराम देवांगन ने बताया कि इस आयोजन की रूपरेखा तैयार करने बैठक लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई। स्मारिका प्रकाशन हेतु समाजोपयोगी लेख कविताएं आदि संकलन के लिए प्रभारी देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, परिचय सम्मेलन के आयोजन हेतु प्रभारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष देवांगन एवं टीम, सामूहिक विवाह आयोजन हेतु प्रभारी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति देवांगन एवं टीम, दुर्ग जिला के बाहर अन्य जिलों में संपर्क के लिए प्रभारी धनुष देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु दुर्ग जिला देवांगन समाज के अंतर्गत आने वाले सभी ब्लाक, मंडल एवं ग्राम इकाई के पदाधिकारियों का सहयोग लिया जा रहा है।

## ओए चुनाव : अध्यक्ष प्रत्याशियों में खंदक की आखिरी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन की चुनावी सरगमी अब अपने पूरे शबाब पर है। अध्यक्ष सहित तीन अहम पदों के प्रत्याशियों के बीच चुनाव के एक दिन पूर्व खंदक की लड़ाई जोरों पर है। अध्यक्ष प्रत्याशी एनके बंछोर व मुकेश कुल्मी सहित महासचिव व कोषाध्यक्ष के उम्मीदवारों ने प्लांट में विश्वकर्मा पूजा में शामिल होकर जीत की अपील की। मुख्य मुकाबला जीएम श्री बंछोर और डीजीएम श्री कुल्मी के अघोषित पैनलों के बीच है। वहीं महासचिव के तीन स्वतंत्र प्रत्याशियों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। ओए चुनाव की जंग अब दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई है। चुनाव प्रचार के लिए अब मात्र एक दिन बच गया है । कल ओए की जनरल बाडी की आखिरी आमसभा में निवर्तमान कमेटी अपनी उपलब्धियों का बखान कर शक्ति प्रदर्शन करेगी। अध्यक्ष के लिए 4 बार के अध्यक्ष रहे एनके बंछोर और एक बार जेडआर रहे मुकेश कुल्मी के बीच सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष के लिए भी सीनियर मैनेजर सौभाग्य रंजन साहू और एजीएम अभिषेक कोचर के बीच कांटे की टक्कर हैं। जबकि जीएस के लिए 5 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें निवर्तमान कमेटी में कोषाध्यक्ष रहे एजीएम अंकुर मिश्रा व उपाध्यक्ष एजीएम तुषार सिंह टिकरिहा के बीच मुकाबले की स्थिति बन रही है। अन्य 3 उम्मीदवार डीजीएम सुधीर बालचंदानी रामटेके, एजीएम विजय कुमार आर्य व अजय कुमार चौरसिया के बीच वोटो के ध्रुवीकरण होने से भी चौंकाने वाला भी नतीजा आ सकता है।





### बंछोर-कुल्मी में मुकाबला

सभी की निगाहें अध्यक्ष प्रत्याशी एनके बंछोर व मुकेश कुल्मी पर टिकी हैं। दोनों चुनावी वादों के साथ अधिकारियों से जीत की अपील कर रहे हैं। 4 बार के अध्यक्ष श्री बंछोर अपनी उपलब्धियों 11 माह के पर्क्स एरियर्स भुगतान संघर्ष, 2 हजार करोड़ पेंशन अंशदान भुगतान, मो. फोन रिबर्समेंट में व नाइट शिफ्ट इंसीडेंटल एक्सपेंसेस में वृद्धि, ईपीएस 95 के लिए संघर्ष, माइंस क्लीयरेंस आदि के साथ हितो के संवर्धन का दावा कर रहे हैं। वहीं श्री कुल्मी श्री बंछोर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उनके 10 साल के अनसुलझे मुद्दों के निदान का वादा कर रहे हैं। वे अधिकारियों के लिए क्वाटर्स की मरम्मत, सफाई, हायर पेंशन व एचआर दिलाने, बेहतर हेल्थ सुविधा व कार्य स्थल व आफिसेस, एकमुश्त पीआरपी का वादा कर श्री बंछोर पर हायर पेंशन पर चुप्पी, बैजाग प्लांट सहित सेल में पे रिवीजन नहीं करवा पाने, सुपर एन्यूशन बेनफिट 3 से 6 प्रति. करने पर मौन, व वर्ष 2008-18 तथा 18 के बेच के अफसरों को प्रमोशन नहीं दिलवा पाने का आरोप लगा रहे हैं।

## आप ने संगठन विस्तार के लिए जिले के छह विधानसभा के बनाए प्रभारी

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का प्रदेश में लगातार संगठन विस्तार जारी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने बताया कि प्रदेश में अगले विधानसभा चुनावों में अभी 3 साल से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन पार्टी का संगठन विस्तार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। प्रदेश की सभी 90 विधानसभा के लिए प्रभारियों की नियुक्ति किया गया है। आलम ने बताया कि प्रदेश प्रभारी, प्रदेश सह प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में ज़ोन, सभी जिलों के साथ-साथ दुर्ग जिले के सभी विधानसभा, ब्लॉक स्तर, वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। पार्टी द्वारा जल्द ही नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जायेगा। सभी कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की नीतियों, विचारधारा और सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित कर दिया गया है। प्रदेश संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी पर आम जनता के अधिकार के तौर पर फोकस किया है। छत्तीसगढ़ में भी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर लगातार आंदोलन कर रही है। विधानसभा के प्रभारियों की नियुक्ति होने पर प्रदेश के सभी विधानसभा के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

## कृषि उपज मंडी बोर्ड दुर्ग का मामला, स्वीकृति कहीं और की निर्माण कर रहे कहीं और

# कुरुद की अवैध कालोनी में रातों-रात सरकारी मद से बना दी गई सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कृषि उपज मंडी बोर्ड दुर्ग के द्वारा सरकारी मद से विकास के नाम पर जमकर बंदरबांट किया जा रहा है। यहां लगभग 4-5 करोड़ रुपए की लागत के 60 विकास कार्य स्वीकृति हुए, लेकिन जिस जगह पर निर्माण होना था वहां निर्माण ना करके कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए उनकी पसंद की जगह पर निर्माण कर रहे हैं। इसका उदाहरण वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत कुरुद और ओम शांति चौक एरिया में देखने को मिला। वार्ड 22 करुद की पार्षद सीमा साहू और उनके पति अजय साहू ने आरोप लगाया कि कृषि उपज मंडी के द्वारा कुरुद गांव से चंदूलाल चंद्राकर शासकीय मेडिकाल कॉलेज रोड को जोड़ने वाली सड़क का सीमेंटीकरण होने था। अधिकारी वहां नापजोख करने भी आए, लेकिन एक सप्ताह पहले बिना उन्हें कोई जानकारी दिए उस सड़क को रातों रात आस्था कालोनी करुद में बना दिया गया। यह कालोनी टीएनसी अप्रूव्ड नहीं है और निगम के रिकार्ड में भी यह अवैध कालोनी है।



अजय साहू का कहना है कि इस कालोनी से लगती कुछ बड़े भूमाफियाओं की कई एकड़ जमीन खाली पड़ी है। वो लोग वहां प्लॉटिंग करना चाहते हैं, लेकिन कोई रास्ता नहीं होने से उनकी जमीन बिक नहीं रही थी। मंडी बोर्ड के अधिकारियों ने मिली भगत करके उन लोगों ने लगभग 20 लाख रुपए की लागत से सरकारी जमीन में सीसीरोड बनवाते हुए कालोनी से जोड़ दी। अब वहां पर काई महंगे दाम पर अवैध प्लॉटिंग होगी और इससे भूमाफियाओं को करोड़ों रुपए का फायदा होगा।

### मंडी के डोमशेड और रोड को बना दिया कहीं और

इसी तरह ओम शांति चौक कैप व जवाहर नगर से जोड़ने वाली किसान सब्जी मंडी के लिए लगभग 40 लाख रुपए की लागत से डोमशेड और सीमेंटीकरण के दो अलग-अलग कार्य स्वीकृत हुए थे। उसे मंडीबोर्ड ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास बनवा दिया।

### सब इंजीनियर ने स्वीकार की गलती

नियमों को ताक में रखकर निर्माण कराने वाली मंडी बोर्ड की सब इंजीनियर योगिता जायसवाल ने माना की निर्माण का स्थल बदला है। उन्होंने कहा कि यह सब उच्चाधिकारियों के कहने पर किया गया है।

### अधिकारी एक दूसरे पर कर रहे दोषारोपण

जब इस बारे में मंडी बोर्ड के एसडीओ प्रवीण कुमार पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने इसी जिम्मेदारी मंडी बोर्ड के प्रभारी सचिव महेश चंद्रा के ऊपर डाल दी। वहीं महेश चंद्रा ने कहा कि उनका काम टेंडर लगाकर देना है। निर्माण ईई, एसडीओ और सब इंजीनियर करवाते हैं। उन्हें कोई अधिकार नहीं है कि बिना शासन की अनुमति के स्थल परिवर्तन करके निर्माण दूसरी जगह करें। इसकी जांच की जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी ही नहीं

जिस कालोनी में 20 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड बनी है उसके बार में निगम के अधिकारियों को पता ही नहीं है। जोन 2 की आयुक्त येशा लहरे का कहना है कि आस्था कोलनी निगम के रिकार्ड में अवैध है। उन्हें रोड बनाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने भी इस बारे में कोई जानकारी होने से मना किया है।

## राजभाषा दिवस पर काव्यपाठ साहित्यकार हुए सम्मानित

**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के तत्वावधान में आयोजित राजभाषा हिन्दी दिवस पर परिचर्चा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. अर्चना झा थीं। अध्यक्षता साहित्यकार व मुक्तकंठ के अध्यक्ष गोविंद पाल ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ कवि, साहित्यकार और पुलिस अधीक्षक(सीआईडी) नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, कथाकार, साहित्यकार, पत्रकार शिवनाथ शुक्ल, प्रोफेसर डॉ. सुचित्रा शर्मा उपस्थित थे। डॉ. अर्चना झा एवं विशिष्ट अतिथि शिवनाथ शुक्ल को समिति की ओर से शॉल, श्रीफल व राजभाषा सम्मान का प्रतीक चिह्न भेंटकर कर सम्मानित किया गया।

## सार समाचार

### विष्णु ने सचिन से की आत्मीय भेंट

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने आज राजनांदगांव प्रवास पर आए छत्तीसगढ़ प्रभारी, कांग्रेस के महासचिव, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान सचिन पायलट से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विष्णु लोधी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया और संगठनात्मक मजबूती, जनहित की नीतियों तथा किसानों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सचिन पायलट ने विष्णु लोधी द्वारा समाज और क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।



### रज्जू महोबिया बने शपथ आयुक्त

**छुईखदान।** उच्च न्यायालय बिलासपुर ने तहसील छुईखदान के लिए अधिवक्ता रज्जू महोबिया को शपथ आयुक्त नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर अधिवक्ता संघ छुईखदान ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि श्री महोबिया की नियुक्ति से अधिवक्ताओं व आम जनता को लाभ मिलेगा। संघ के सदस्य मोतीलाल जंघेल, अरविंद शर्मा, सतीश सिंघानिया, मनोज चौबे, सौरभ श्रीवास्तव, शिवेंद्र किशोर दास, जितेंद्र महोबिया, संजीव दुबे, सज्जाक खान, शरद श्रीवास्तव, आलोक बख्शी, योगेंद्र सोनी, सुरेंद्र चंद्राकर, ऋतुराज महोबिया आदि ने उम्मीद जताया है कि श्री महोबिया अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करेंगे।



### उल्लास से मनाया पीएम का जन्मदिन

**गंडई पंडरिया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गंडई भाजपा मंडल ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। दिन की शुरुआत नगर के विश्राम गृह में विचार गोष्ठी के साथ हुई। वक्ताओं ने मोदी के राजनीतिक जीवन और उनके कार्यों की सराहना की। इस गोष्ठी में मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जीवनदास रात्रे, खम्हन ताम्रकार ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर मरीजों को फल वितरित किए। अंत में पीपरोपण पीएम श्री प्राथमिक स्कूल टिकरीपारा और वार्ड 10 स्थित आंगनबाड़ी में किया गया। इन कार्यक्रमों में सांसद प्रतिनिधि राजेश ताम्रकार, मंडल उपाध्यक्ष रवि भावनानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता, संजय अग्रवाल, वरिष्ठ नेता टेकन देवांगन, धरमु पटेल, लीला साहू, संजय राजपूत, राकेश जायसवाल, दूजेराम वर्मा, विक्की अग्रवाल, टूम्मन साहू, रोहन ताम्रकार, उमा चौबे, आशा कुर्रे, अंजली देवांगन, तसील पटेल, जगेश्वर देवांगन, सोनिया दुबे, अशोक देवांगन, सुखराजी निर्मलकर, कमलेश जंघेल, त्रिभुवन देवांगन, कार्तिक मरकाम, संजय यादव सहित कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### कबड्डी में बीजागोड़ टीम विजेता

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंडरिया में रविवार और सोमवार को युवा कबड्डी क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से रात्रिकालिन कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ सरपंच जानकी तामेश्वर जंघेल ने किया। अध्यक्षता जनपद सदस्य ज्योति सुरेन्द्र जंघेल ने की। विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र जंघेल, उदलराम साहू थे। अतिथियों ने पूजा अर्चना एवं स्वागत के पश्चात प्रतियोगिता प्रारंभ किया। स्पर्धा में कुल 26 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीम का ताज बीजागोड़ को मिला। उपविजेता चिचोला की टीम रही। तीसरा और चौथा स्थान बीरूटोला तथा ठंडार की टीम ने हासिल किया। अतिथियों विजेताओं को क्रमशः 8001, 6001, 4001 एवं 2001 रूपए नकद एवं उपहार देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर तामेश्वर वर्मा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीत हार किसी भी स्पर्धा का दो पहलु है। स्पर्धा के आयोजन में कीर्तिमान, कुलदीप, लक्की, तेजेश्वर, भूषण एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।



### आमगांव में मनाया गया हिंदी दिवस

**साल्हेवारा।** पूर्व माध्यमिक शाला आमगांव घाट में हिंदी दिवस मनाया गया। शिक्षक देवकरण सेन के निर्देशन में शुद्ध हस्तलेखन, श्रुतिलेख, चित्रकला, कविता एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। शिक्षक देवकरण सेन ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक देश की अपनी राष्ट्रभाषा होती है वैसे ही जैसे हमारे देश की राष्ट्रभाषा हिंदी है। हिंदी जनमानस की भाषा है। यह आम और खास लोगों की भाषा है। घर से लेकर संसद तक हिंदी बोली जाती है।शिक्षक नरेश चंदेल ने उद्बोधन में कहा कि हमे बोलचाल में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका लक्ष्मी जाम्बुलकर,जामवती रोडेस्कर शामिल हुए।



### ओजोन दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**गंडई पंडरिया।** शासकीय महाविद्यालय गंडई में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूगोल विभाग द्वारा आयोजित इस निबंध लेखन प्रतियोगिता का विषय ओजोन संरक्षण था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत भूगोल विभागाध्यक्ष असित कुमार साहू के संबोधन से हुई, जिन्होंने ओजोन परत के क्षरण, उसके कारणों और दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को वैकल्पिक ऊर्जा के उपयोग और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने निबंध के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी गहरी समझ और संवेदनशीलता का परिचय दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. ओमप्रकाश कौशिक, गौरव जैन, डॉ. दिलेश्वरी साहू और गुप्ता मैडम शामिल थे। प्रतियोगिता में हर्षलता मानिकपुरी (बी.ए. अंतिम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा जंघेल द्वितीय स्थान पर रहीं। यह पूरा कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।



# घुमका के आत्मानंद स्कूल से इकलौते अंग्रेजी के शिक्षक को हटाया

## साढ़े सात सौ बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में पहले से ही अपनी बदहाल स्थिति से गुजर रहे आत्मानंद स्कूलों में एक और नया मामला सामने आया है। घुमका ब्लॉक में स्थित आत्मानंद स्कूल से इकलौते अंग्रेजी के शिक्षक को हटा दिया गया है। जिसके चलते स्कूल के साढ़े सात सौ बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो गई है। यह शिक्षक स्कूल में प्रभारी प्राचार्य का जिम्मा भी संभाल रहा था। वहीं स्कूल प्राचार्य का प्रभार एक अन्य सरकारी स्कूल के प्राचार्य को सौंप दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी स्कूल दोनों के प्रभारी प्रशांत हैं। उन्हें बीते दिनों जिला शिक्षा विभाग की ओर से एक आदेश के तहत स्कूल के प्रभारी प्राचार्य पद से हटाकर जिला शिक्षा विभाग में सेवा देने निर्देशित किया गया है। वर्तमान में सलोनी स्कूल के प्राचार्य को जिम्मेदारी दी गई है। उनके पास अब तीन स्कूल का प्रभार है। उनको सरकार की जनजातीय कल्याण के लिए चल रही महत्वपूर्ण योजना आदि योगी अभियान में जिलेभर में भ्रमण और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी है। कई सरकारी योजनाओं के मास्टर ट्रेनर्स का काम भी देख रहे हैं। हिंदी माध्यम स्कूल में रसायन शास्त्र की एक शिक्षिका को विगत तीन साल से प्रतिनियुक्ति में आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामुल भेजा गया है। घुमका स्कूल रिक्त हो गया है। तीन साल से रसायन शास्त्र की पढ़ाई नहीं हो रही है। इस तरह की समस्याओं से घुमका का आत्मानंद स्कूल जूझ रहा है।

### चार कक्षा की थी जिम्मेदारी

उक्त व्याख्याता अंग्रेजी भाषा में मात्र अकेले हैं, जिन पर 9वीं से 12वीं तक चार कक्षाओं के अलग-अलग सेक्शन के लगभग आधा दर्जन पीरियड लेने की जिम्मेदारी है। अब घुमका के हायर सेकंडरी स्कूल में अंग्रेजी का कोई शिक्षक नहीं है। इसी तरह तीन साल से संस्कृत के व्याख्याता का पद रिक्त है, परन्तु अधिकारियों ने इन समस्याओं को नजर अंदाज करते अंग्रेजी विषय शिक्षक को भी हटा दिया है। यह भी बताया गया कि अगर अंग्रेजी माध्यम से प्रतिनियुक्ति समाप्त किया जाता है तो उनको मूल पदस्थापना हिंदी माध्यम में भेजा जाना था, परन्तु ऐसा न कर सीधे राजनांदगांव डीईओ कार्यालय भेजा गया है।

## जांच के लिए गई फाइल जेडी ऑफिस में अटकी

# सवा करोड़ रुपए के टेंडर में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

शहर विकास के लिए पंद्रहवे वित्त से सात अलग अलग कामो के लिए स्वीकृत 1 करोड़ 31 लाख रूपयो के ऑनलाइन टेंडर की पूरी प्रक्रिया दो महीने से ऊपर समय से अटक गई है जिसके चलते शहर विकास मे ग्रहण लग गया है।

जानकारी अनुसार ऑनलाइन टेंडर ओपन होने के बाद प्रक्रिया मे शामिल एजेंसी क्षत्रिय एग्रो द्वारा नगरीय निकाय व प्रशासन विभाग के संचालक, संयुक्त संचालक सहित कलेक्टर को शिकायत आवेदन देने से मामला जांच के लिए लंबित है। लगभग तीन महीना पूरा होने को है लेकिन अब तक विभाग इस विषय पर ठोस निर्णय नहीं ले पाया है। गौरतलब है कि क्षत्रिय एग्रो ने टेंडर प्रक्रिया मे नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए शिकायत की थी जिसमें उन्होंने टेंडर मे सामग्री को लेकर एजेंसियों द्वारा भरे गए दर के तुलनात्मक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा था कि इसमें जिम्मेदारों ने पहले ही तय कर लिया था कि उक्त काम किस एजेंसी को देना है और कम दर आने पर किसी एजेंसी को कैसे अपात्र करना है हालांकि शिकायत बाद टेंडर संबंधी सारे दस्तावेज उच्च कार्यालय ने अपने पास जांच के लिए मंगा लिया और काम हासिल करने वाली एजेंसियों को कार्यादेश जारी करने से मना कर दिया गया है।

शिकायतकर्ता क्षत्रिय एग्रो के प्रवीण सिंह बैस ने कहा कि उनके द्वारा आनलाइन आवेदन मे निविदा संबंधी अपलोड किया गया सारा अभिलेख स्पष्ट रूप से पठनीय रहा है लेकिन कंप्यूटरीकृत निविदा प्रणाली मे आंतरिक छेड़छाड़ कर उनके अभिलेख को ब्लर कर उन्हे अपात्र कर दिया गया। उन्होंने निविदा मे शामिल सभी निविदाकारों द्वारा भरे गए दर का तुलनात्मक विवरण करने की मांग करते हुए आरोप लगाया था कि ऑनलाईन टेंडर मे निविदाकारों द्वारा बीड क्रमांक अनुसार भरे गए दर से पूरी तरह से प्रमाणित होता है कि किस तरह अपनो को लाभ देने जिम्मेदारों ने ऑनलाइन के बाद आनलाईन टेंडर का भी तोड़ निकाल लिया है।

### स्वीकृत दर से पूरे काम में महज 11 हजार का अंतर

आनलाईन आवेदन प्रक्रिया से सारथी इंटरप्राजेस दुर्ग द्वारा स्काई लिफ्ट एक नग 35 लाख का टेंडर महज 500 रूपए कम 34 लाख 99 हजार 500 रूपए मे, मिनी टिप्पर दो नग 19 लाख जिसमे प्रति नग के लिए 9 लाख 50 हजार स्वीकृत है उसमे महज 51 रूपए कम 9 लाख 49 हजार 949 और ई रिक्शा के लिए प्रति नग 3 लाख 50 हजार के हिसाब से आठ नग के लिए 28 लाख स्वीकृत था जिसमे प्रति नग 3 लाख 49 हजार 349 के हिसाब से भरा गया है। इसी प्रकार निर्मला हाउस वेयर रायपुर ने 20 नग मैनुअल रिक्शा के लिए स्वीकृत 10 लाख जिसमे प्रति नग के लिए 50 हजार है उसे महज सौ रूपए कम 49 हजार 900 मे, हाथ ठेला 40 नग के लिए स्वीकृत 4 लाख मे प्रति नग दस हजार को निविदा दर पर, हाइड्रोलिक ट्राली दो नग 6 लाख मे प्रति नग 3 लाख के लिए 2 लाख 99 हजार 750 और 150 नग स्टील डस्टबिन के लिए शासन द्वारा स्वीकृत 29 लाख 70 हजार मे प्रति नग के लिए 19 हजार 800 की दर के विरुद्ध महज 20 रूपए कम 19 हजार 780 भरा है।

### तीन महीने से अटकी है फाइल जांच के नाम पर

शिकायत बाद ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया के सारे दस्तावेजो को पहले संचालनालय मंगाया गया जहां एक महीने से ऊपर का समय बीतने के बाद उसे संयुक्त संचालक दुर्ग के आफिस भेजा गया है लेकिन इस विषय पर अभी तक ठोस निर्णय सामने नही आया है कि क्या नपा की कारवाई को सही साबित करते हुए शिकायतकर्ता के सप्रमाण शिकायत आवेदन को दरकिनार कर दिया जाएगा या फिर नियमों का हवाला देते हुए नए सिरे से पूरी प्रक्रिया दुबारा कराई जाएगी। मामले को लेकर शिकायतकर्ता के साथ साथ लोगों के मन मे भी अंतर्द्वंद है कि आखिर सवा करोड़ से ऊपर के काम मे कौन सा पक्ष सही है। सरकारी राशि का बंदरबांट करने और अपनों को लाभ पहुंचाने जिम्मेदारों ने निविदाकारों से लगातार बैठक की, कमीशन सेट किया और यह आश्वासन भी दिया कि काम उन्ही को मिलेगा लेकिन क्षत्रिय एग्रो के आने से मामला पूरी तरह से अटक गया। ऑनलाईन टेंडर मे स्वीकृत राशि से महज 11 हजार 310 रूपयो का अंतर है।

### पता करके दूंगा जानकारी

ऑनलाईन टेंडर से संबंधित फाइल जांच के लिए संचालनालय फिर जेडी ऑफिस मे होने की जानकारी मिली है। एक दो दिन मे पता करके जानकारी दे दूंगा।

**-कोमल सिंह ठाकुर**
सीएमओ
नगर पालिका

### चंडी महायज्ञ 22 से

**राजनांदगांव।** ग्राम जोरातराई (ब) में 22 से 30 सितंबर तक चंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी जोर-शोर से तैयारियों में जुट गए हैं। आयोजन के प्रवचनकर्ता पं. सूर्यकांत तिवारी (गोढ़ी निवासी) होंगे। वहीं यज्ञकर्ता पं. सौरभ पांडेय (काशी, उत्तरप्रदेश) रहेंगे। महायज्ञ में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। जिनमें जिला पंचायत सभापति व सदस्य शीला टाकेश सिन्हा शामिल होंगी।
कथा समय प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक, 22 सितंबर को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, यज्ञ आरंभ, महात्म्य, 23 को हयग्रीव अवतार, शुकदेव एवं व्यासजी का जन्म, 24 को श्रीराम द्वारा देवी यज्ञ, भुवनेश्वरी देवी का सुदर्शन पर कृपा, 25 को नर-नारायण अवतार, श्रीकृष्ण चरित्र, 26 को महिषासुर, शुम्भ-निशुम्भ वध, 27 को वृत्तासुर संवाद, विष्णुजी का अवतार, एक वीर का जन्म, 28 को नारद विवाह, हरीशचंद्र कथा, तुलसी विवाह, 29 को सती चरित्र, पार्वती जन्म कथा, चढ़ौत्री एवं शोभायात्रा एवं 30 सितंबर को जन्मेजय द्वारा देवी यज्ञ, गायत्री सहस्त्र पाठ, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं प्रसाद वितरण होगा। आयोजन समिति की कमान अध्यक्ष विनोद यादव संभाल रहे हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर चंडी महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की है।

# 236 महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। जिले में यह अभियान कलेक्टर इंद्रजीतसिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में क्षेत्र की मितानिनें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा अन्य सम्मिलित हुईं। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 236 महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, सिकलसेल, कैंसर स्क्रीनिंग, टीबी एवं अन्य परीक्षण किया गया। एक महिला सिकलसेल पॉजिटिव पाई गई। एक टीबी की संभावित मरीज की पहचान कर तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। 27 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। 22 महिलाओं को आयुष्मान भारत कार्ड दिया गया। शिविर में ब्लाक नेत्र सहायक विनय रामटेके ने नेत्र और एवं मुख परीक्षण डॉ. विद्या एस ने किया।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पुष्पा वर्मा थीं। इस दौरान भावेश, नवनीत जैन सहित अन्य मौजूद थे। समापन अवसर पर अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम अविनाश ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने अभियान की जानकारी देते हुए महिलाओं से स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस सफल आयोजन में खिलेश साहू, नवीन चौहान, विनोद पटेल, केपी साहू, श्री गढ़ेवाल सहित अन्य का सहयोग रहा।



### अशोका स्कूल में सीडीआरएफ का मॉकड्रील

**कवर्धा।** महानिदेशक अटल नगर नया रायपुर के आदेशानुसार जिला अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं एसडीआरएफ अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के अलग-अलग स्कूलों में अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने एवं आग से बचने बचाने की जानकारी अग्निशमन रेस्क्यू टीम ने आज अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा जिला कबीरधाम के स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षक जनों एवं वाहन चालक, परिचालक, मेश स्टाफ अन्य नागरिकों ने प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। सर्वप्रथम रेस्क्यू टीम का स्वागत विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य एसएल नापित एवं प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा किया गया।

# घोषणा पत्र के साथ वोट-चोरी के साक्ष्य करें प्रस्तुत : मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने कांग्रेसी नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को निराधार, मनगढंत एवं भ्रामक दुष्प्रचार करार देते कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि वो राहुल गांधी के स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र के साथ चुनाव आयोग के समक्ष वोट-चोरी के साक्ष्य प्रस्तुत करें वर्ना देश की जनता से झूठ बोलने के लिए माफी मांग लें अन्यथा वो बच नहीं सकते हैं।

उन्हें वोट-चोरी का सफेद झूठ बोलने के लिए माननीय न्यायालय से जमानत लेनी पड़ सकती है। महापौर यादव ने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के जंगलराज में पांच सालों तक चावल चोर, शराब चोर, कोयला चोर, नौकरी चोर रहे, घोटालेबाज कांग्रेसी नेतागण एवं उनके साथ भ्रष्टाचार में शामिल रहे कई तात्कालीन अधिकारीगण जो आज भी जेल में बंद हैं, वो सभी अपनी चोरी के कारण छत्तीसगढ़ की सत्ता गंवाने के बावजूद अब भाजपा के सुशासन में शोर मचा रहे हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही भ्रष्ट कांग्रेस पार्टी अब उल्टे सत्तासीन भाजपा पार्टी पर वोट-चोरी का तथ्यहीन, काल्पनिक एवं जनता को दिग्भ्रमित करने वाला आरोप लगा रही है।



# प्रधान पाठक राजेश को शिक्षा गौरव अलंकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

पूर्व माध्यमिक शाला साखा के प्रधानपाठक राजेश कुमार जंघेल को नवाचारी शिक्षण विधियों और समर्पित सेवा के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें दुर्ग में आयोजित संभाग स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने प्रदान किया।

समारोह की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक, जिला शिक्षा अधिकारी और संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि श्री जंघेल एक नवाचारी, बहुप्रतिभाशाली और प्रेरणादायक शिक्षक के रूप में पहचाने जाते हैं। उन्होंने विद्यालय में न सिर्फ अध्ययन-अध्यापन के स्तर को ऊंचा उठाया है, बल्कि स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, खेलकूद, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कला, संगीत, नाटक, वार्षिक खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक समरसता, कैरियर गाइडेंस और योग आदि से बच्चों को जोड़ा है। उनकी इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र डड़सेना, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र सुधाकर, बीआरसी दुष्यंत कुमार शर्मा, संकुल प्राचार्य सुनील कुमार यादव, संकुल समन्वयक जीआर टंडन, शाला परिवार के सदस्य संदीप श्रीवास्तव, अमित महोबिया, सरिता पंसारी, राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त तुलेश्वर कुमार सेन सहित संकुल परिवार के सदस्यों ने बधाई दी है।

# हिन्दी दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जालबांधा

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन के निर्देशन में हिन्दी दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि हिंदी देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है और पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोती है।



वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजय देवांगन ने बताया कि भाषा न केवल संप्रेषण का माध्यम होती है, बल्कि वह राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना, इतिहास और आत्मा की संवाहिका होती है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और पहचान है। हिंदी न केवल एक भाषा है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक परंपरा, लोक साहित्य, इतिहास और जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति भी है। मासूम वर्मा ने बताया कि किस तरह 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि के साथ भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद 1953 से इस दिन को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। कार्यक्रम का संचालन पूजा देवांगन एवं आभार प्रदर्शन रवि प्रकाश चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान सहायक प्राध्यापक डॉ नवीन राजपूत, रितेश बंजारे, नेमू साहू आदि उपस्थित रहे।

# अशोका आईटीआई में धूमधाम से मनाई जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अशोका प्राइवेट आईटीआई में 17 सितंबर को भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अशोका आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना तथा आरती के पश्चात उपस्थित लोगों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम संस्था के इलेक्ट्रीशियन लैब में संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही विद्यार्थियों द्वारा पूजा स्थल की साज-सज्जा, लाइटिंग आदि का प्रबंध किया गया था। पूजा संपन्न होने के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे को श्री विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# आत्मानंद स्कूल हसदा की बालिकाओं ने रग्बी में जीत लिया दोहरा खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

राज्य स्तरीय रग्बी शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन बलौदा बाजार में आयोजित किया गया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने दमदार प्रदर्शन से दुर्ग संभाग के टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले के हसदा के सब जूनियर बालिका खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में सरगुजा और बिलासपुर को एक तरफा हराते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया इसके पहले भी यहाँ की बालिका रग्बी खिलाड़ियों ने लगातार संभाग को मेडल दिलाया है। ठीक इसी प्रकार दुर्ग मे आयोजित 14 सितंबर को छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल संघ तथा खेलो इंडिया के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित अस्मिता रग्बी लीग का आयोजन भिलाई के सेक्टर 9 मे आयोजित किया गया था। जिसमे बेमेतरा कि सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग की खिलाड़ियों ने तीनो वर्गों मे प्रथम तथा द्वितीय स्थान हासिल किया। जहां सब जूनियर बालिकाओं ने दुर्ग को हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर बालिकाओं ने बालोद को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग के खिलाडियों ने बालोद को हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। हसदा की रग्बी खिलाडियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयन कर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। ऐसा मौका दूसरी बार हुआ है कि हसदा कि बालिकाओं ने सभी वर्गो मे स्थान हासिल किया।




### बेटियां खेल के मैदान में अव्वल

स्कूल के व्यायाम शिक्षक व कोच लोकेश्वर् राव ने कहा कि रग्बी अस्मिता लीग ने साबित कर दिया है कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण युवाओ मे प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। विशेष रूप से बेटियों की भागीदारी यह संदेश देती है कि खेल के मैदान में भी अब किसी भी क्षेत्र मे पीछे नहीं है। उनके सिखाए खिलाड़ी आकाश वर्मा वर्तमान में स्टेट रेफरी तथा नियमित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। इसी कड़ी मे देविका वर्मा राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही हैं। एक समय ऐसा भी था की जब अंतर राष्ट्रीय स्तर के कोच ने बालिका खिलाड़ी को गोद लेने का प्रस्ताव उनके माता पिता को दिया था। कोच राव जो खुद एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं। इन्होंने अंतर राष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान मे अपने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया है।

### सब जूनियर बालिका टीम इस प्रकार थी

लावण्या कप्तान, डिंपल ,दिशा ,याचना, युगल , यामिनी, मुस्कान, दुर्गेश्वरी, आकांक्षा, थानेश्वरी, माया, लुकेश्वरी। **सीनियर बालिका टीम इस प्रकार थीः** होमेस्वरी निर्मलकर (कप्तान), दुलेश्वरी धिवर, साक्षी मरकाम, गोमती यादव, तारनी पटेल, सरस्वती ठाकुर, भानु विश्वकर्मा, दुर्गेश्वरी। **जूनियर बालिका टीम इस प्रकार थी** लिना साहू (कप्तान) , टीकेश्वरी , श्रधा, पायल, मधु, रोशनी, रोशनी आग्रे, पिंकी निर्मलकर, नंदनी कुर्रे, मानसी साहू।

## खबर संक्षेप

### शाला के बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताया गया



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी विकासखंड साजा में गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़े के द्वितीय दिवस पर बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विभिन्न शिक्षाप्रद गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। शाला के शिक्षक आशुतोष चौबे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गंदगी बीमारियों का मुख्य कारण है और इसे बीमारियों का घर बताते हुए इसके दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिक्षक देवराम साहू ने स्वच्छता को जीवन का अमूल्य आधार बताते हुए उसके सामाजिक और व्यक्तिगत महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वछता केवल विद्यालय ही नहीं, बल्कि घर और पूरे गांव को सुंदर व स्वस्थ बनाए रखने का साधन है। साथ ही शिक्षिका भुनेश्वरी वर्मा ने बच्चों को भोजन से पूर्व हाथ धोने की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया और स्वछ आदतों के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। इस प्रकार द्वितीय दिवस की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुईं और स्वछता के प्रति सभी में जागरूकता का संचार हुआ।

## सियासत : बेमेतरा की जनता ने दिखा दिया है भाजपा की सत्ता जाने वाली है : छाबड़ा

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की सफलता से कांग्रेस उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की सफलता से गदगद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने जारी बयान में बुधवार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट एवं कांग्रेस के वरिष्ठ जनों की आमसभा में अपनी सहभागिता देने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान रैली को बेमेतरा जिले की अब तक की सबसे सफलतम रैली बताया। जिसमें कार्यकर्ता एवं आम जनता ने रात 8 बजे भी अपना संयम नहीं खोया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को सुनने के लिए जनता बेताब थी। उन्होंने कहा इस भीड़ ने एक तरह से यह साफ-साफ संदेश दे दिया है कि जनता की नजरों में भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार गिर चुकी है। जनता जान चुकी है कि भाजपा वोट चोरी करके सत्ता में काबिज है।

बता दें कि कार्यक्रम को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता चरण दास महंत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने जहां सभा में अपने संबोधन से भाजपा की चोरी को उजागर किए।



वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी सह प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव , पूर्व मंत्री शिव डहरिया , मोहम्मद अकबर, गुरु रुद्र कुमार पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे ,विकास उपाध्याय सहित पूर्व विधायक ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया । कार्यक्रम का स्वागत भाषण पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने दिया, जिन्होंने अपने गगनचुंबी आवाज से पूरी सभा को ऊर्जा से भर दिया ।

रविंद्र चौबे ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर है आज जनता भाजपा सरकार से त्रस्त हो चुकी है जनहित के मुद्दों से दूर केवल और केवल लूट खसोट सामाजिक आरक्षकता फैलाने का कार्य भाजपा के द्वारा किया जा रहा है यही कारण है कि जनता लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किए गए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को अभूतपूर्व समर्थन दे रही है ।

### कांग्रेस की बिजली बिल हाफ योजना बंद होने से लोग परेशान

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा के शासन में 2 वर्षों में चार बार बिजली बिल की बढ़ोतरी हो चुकी है। कांग्रेस द्वारा जनहित में प्रारंभ की गई बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया गया है। लोगों के घरों में हजारों हजारों रुपए का बिल आ रहा है गरीब जनता आखिर यह बिल कहां से भरेगी। भाजपा सिर्फ शराब दुकान खोलने का काम कर रही है और समाज को नशे के लत में झोंक रही है। यही कारण है कि 2 वर्षों में ही लोग प्रदेश की भाजपा सरकार और केंद्र सरकार से ऊब चुके हैं। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है जो इस आयोजन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए थे अथवा सहयोग कर रहे थे ।

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान, कांग्रेस नेताओं का नवागढ़ में जोरदार स्वागत



**नवागढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत प्रदेशभर में जनसभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को मुंगेली से बेमेतरा की ओर जाते समय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का नवागढ़ में जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव (बाबा), पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पहुंचे। नेताओं के आते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और पूरा कॉलेज चौक कांग्रेसमय हो गया। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार ने जनता से किए गए सभी वादे तोड़ दिए हैं। महंगाई और बेरोजगारी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। भाजपा जनता की आवाज सुनने की बजाय केवल सत्ता सुख में डूबी है। कांग्रेस जनता की सच्ची आवाज है और आने वाले चुनाव में हम पूरी ताकत से लौटेंगे।

### कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से बीजेपी की मनमानियों के खिलाफ लड़ेंगे

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों, मजदूरों और युवाओं को ठगा है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। कांग्रेस ने कर्जमाफी और किसानों की धान खरीदी जैसी योजनाओं से राहत दी थी। जनता एक बार फिर कांग्रेस को आशीर्वाद देगी और भाजपा को गद्दी से उतारेगी।

पूर्व मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने कहा की नवागढ़ की धरती हमेशा से कांग्रेस की मजबूत धरोहर रही है। आज जो उत्साह और उमंग कार्यकर्ताओं में दिख रहा है, वह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। जनता अब धोखे और जुमलों की राजनीति से तंग आ चुकी है। आने वाले चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ताकत से भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे।

### कॉलेज चौक गूंजा नारों से

नेताओं के स्वागत के दौरान "वोट चोर गद्दी छोड़", "कांग्रेस जिंदाबाद", "सचिन पायलट जिंदाबाद", "भूपेश बघेल जिंदाबाद" और "गुरु रूद्रकुमार जिंदाबाद" के नारे गूंजते रहे। माहौल पूरी तरह चुनावी जंग जैसा बन गया।स्वागत समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष रामेश्वर साहू, पूर्व निगम डायरेक्टर विजय बघेल, शक्तिधर दीवान, जावेद खान, अंजलि सतीश मार्कण्डेय, रोशन धर दीवान, सुशील साहू,प्रभारी महामंत्री खेमन टंडन, सुनीता दुबे, अजय बघेल, रितेश तिवारी, मनीष परिहार, अश्वनी साहू, गुरभेज सिंह गुंबर, लक्ष्मीनारायण साहू, सुखनंदन वैष्णव, लाखन सिंह, रामनिहोरा सेन, धीरेन्द्र साहू, दिलीप साहू, अजीत चतुर्वेदी, वीरेंद्र यादव, रामाधार बंजारे, मोहित गर्ग, प्रमोद साहू, रोहित साहू, ईश्वर साहू, रवि साहू, रामकुमार निषाद, भोज कुर्रे, जागेश्वर ध्रुव, नरेश कुर्रे, विनोद कुमार, महेश साहू, मोहर राजपूत, गुंजन बंजारे, अशोक साहू, घनश्याम साहू, भोलाराम साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।



भगवान विश्वकर्मा जयंती पर भव्य कार्यक्रम का किया आयोजन

# भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और श्रम के प्रतीक हैं : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरबीजा में राज मिस्त्री कल्याण संघ ने भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक दीपेश साहू ने भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान, विंध्यवासिनी बालिका मानस परिवार, बोड़रा की बालिकाओं ने एक मधुर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, परिश्रम और श्रम के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के कारीगर, शिल्पकार और श्रमिक वर्ग राष्ट्र निर्माण की रीढ़ हैं। विश्वकर्मा जयंती हमें अपने श्रम को ही पूजा मानकर समाज और देश की प्रगति में योगदान देने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि राज्य और केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, संडी सरपंच सेवाराम साहू और देवरबीजा के सरपंच के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अपनी प्रतिभा और क्षमता को पहचानने व विकसित करने का यही समय है : विभ्रांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मंगलवार को बेमेतरा के श्रीराम एकेडमी में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में विभ्रांत साहू मौजूद थे, जिन्होंने स्वयं तीन बार यूपीएससी की मुख्य परीक्षा दी है। उन्होंने छात्रों को अपनी तैयारी का अनुभव और बहुमूल्य सुझाव दिए। विभ्रांत साहू ने यूपीएससी की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के पाठ्यक्रम, और पिछले 10 वर्षों के प्रश्न पत्रों के विश्लेषण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हाल ही में हुई परीक्षा के प्रश्नों की लेखन शैली के बारे में बताया और एथिक्स व निबंध जैसे विषयों की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को समझाया कि एक प्रशासनिक अधिकारी का दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। साहू ने अपने संघर्षपूर्ण



अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अगर आपने इस क्षेत्र में आने का फैसला कर लिया है, तो पूरे समर्पण के साथ लगातार तैयारी करते रहें। उन्होंने कहा कि जब परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं होते तो निराशा होना स्वाभाविक है, लेकिन हार नहीं माननी चाहिए क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

### पाठ्यक्रम का महत्व और धैर्य

विभ्रांत साहू ने नए अभ्यर्थियों को सबसे बड़ी गलती से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अक्सर नए छात्र बिना पाठ्यक्रम को समझे मोटी-मोटी किताबें पढ़ने लगते हैं, जिससे समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद होती है। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी परीक्षा की तैयारी से पहले उसके पाठ्यक्रम का गहन अध्ययन करना बेहद जरूरी है। सही दिशा में किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने धैर्य रखने की सलाह देते हुए कहा कि जब परिणाम तुरंत न मिले, तो आसपास के लोगों की बातों पर ध्यान न दें। निरंतर प्रयास करते रहें, जल्द ही सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।

### अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा


सेमिनार में उपस्थित छात्रों ने कहा कि इस मार्गदर्शन से उनका कई वर्षों का निरर्थक परिश्रम बच गया। उन्होंने विभ्रांत साहू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पाठ्यक्रम और प्रश्न पत्रों का विश्लेषण कर उनके कीमती समय को बर्बाद होने से बचाया है। इस सेमिनार में यूपीएससी, सीजीपीएससी और व्यापम के सैकड़ों अभ्यर्थी मौजूद थे। उन्होंने विभ्रांत साहू से अपने सवाल पूछे और संतुष्टि भरे जवाब पाए। इस अवसर पर श्रीराम एकेडमी के वाईडी साहू, स्मिता सिंह, तोमेश्वरी साहू, मनीष वर्मा, मोहित निषाद, गोपी निषाद, मुस्कान वर्मा, मिथलेश निषाद और अन्य छात्र उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री का जन्मदिन एक साथ मनाया गया



**बेमेतरा।** बुधवार को बेमेतरा नगर में प्रथम अभियंता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिल्पकार्य और वाहन से जुड़े लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर लोगों में मिठाइयां बांटी। इसी दौरान, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने भी वैदिक विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। अध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ ड्राइवर संघ द्वारा स्थापित विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा की भी पूजा की और प्रसाद वितरित किया। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सृष्टि के निर्माणकर्ता भगवान विश्वकर्मा और नए भारत के निर्माता प्रधानमंत्री का जन्मदिन एक ही दिन मना रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को मिठाइयां बांटकर दोनों पर्वों की बधाई दी।

## विश्वकर्मा प्रतिमा की शोभायात्रा निकाल शिवनाथ नदी में विसर्जन



**बेरला।** ब्लॉक बेरला के निकटवर्तीय ग्राम रेवे में मेसर्स मां सिद्धि इंटरप्राईसेस ने हर साल की भांति इस वर्ष भी भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया। मां सिद्धि इन्टरप्राइसेस के प्रोपाइटर दिलीप साहू लगातार 20 वर्षों से विश्वकर्मा जयंती पर बाबा विश्वकर्मा का मूर्ति स्थापित कर अपने कर्मचारियों के साथ धूमधाम के साथ पूजा अर्चना कर हर वर्ष मनाते है। वही शाम के समय बाबा विश्वकर्मा का विसर्जन के लिए ग्राम रेवे और मंगलोर में भव्य शोभायात्रा निकालकर गली भ्रमण किया गया। भ्रमण के बाद मंगलोर गांव में ले जाकर विधि विधान से पूजा कर विदाई देते हुए विसर्जन किया गया। साथ ही सभी श्रद्धालुओं को मिठाई प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेश सिन्हा, जनक सिन्हा, कमलेश सिन्हा, मोटू सिन्हा, भोलूयाख रमेश सिन्हा, कोमला साहू, बंश कुमार महेश यादव, अधन्नू साहू, खेमू यादव एवं कमलेश निषाद, हेमंत यादव सहित कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाजपा बेरला मण्डल ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बेमेतरा/बेरला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पूरे देश में सेवा पखवाड़ा दिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा बेरला मण्डल द्वारा 17 सितम्बर को अभियान की शुरुआत करते हुए सभी बूथों में स्वच्छता कार्य किया गया। जिसमें नगर पंचायत बेरला में परशुराम चौक, कर्मा माता चौक, मिनीमाता चौक, खरगा तालाब पार, पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक में सफाई अभियान चलाकर सफाई कार्य किया गया और शीतला माता मंदिर में समापन किया गया। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेरला में मोदी का भाषण लाइव सुना गया। पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल ने अभियान में शामिल होकरमोदी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस पूरे स्वच्छता अभियान में विशेष रूप से मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत, प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, सेवा पखवाड़ा टोली प्रभारी संजीव तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल देशलहरे, उपाध्यक्ष संतोष साहू, मण्डल सेवा पखवाड़ा सह-संयोजक आशीष सोनी, पार्षद मानक चतुर्वेदी, बलराम यादव, युगल पाटिल, यतीश द्विवेदी, झड़ी सिंह, उमा नेताम, आशीष, भुनेश्वरी टंडन, जितेंद्र जैन, लेखराम साहू, लता वर्मा, बलराम सिवारे, अरविंद राजपूत, नितेश सोनी, हितेश्वर निर्मलकर, महेंद्र भट्टड़, मोहित साहू, विक्की ओगरे, अरमान श्रीवास सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



